**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**एच.आर.टी.सी.**

राज्य सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों की अधिकांश मांगें मानने के बाद चालक व परिचालक यूनियन ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है। कल देर शाम उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ हुई बैठक के बाद यूनियन ने ये फैसला लिया। चालक परिचालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उपमुख्यमंत्री ने 2 सौ 5 चालकों को वरिष्ठ चालक का पद नाम, 6 महीने का चिकित्सा प्रतिपूर्ति भत्ता, नई वर्दी के पैसे और सभी वित्तीय देनदारियां दो से तीन महीने के भीतर प्रदान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि अब चालक व परिचालक पहले की तरह ही अपनी सेवाएं देंगे।

.........................................................

**लोकसभा–रेलवे सुरक्षा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ष 2014–15 की तुलना में रेल दुर्घटनाओं में 77 प्रतिशत गिरावट आई है। लोकसभा में आज एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि 2014–15 में रेल दुर्घटनाओं की संख्या एक सौ 35 थी, जो 2024–25 में घटकर 31 हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कवच जैसी नई प्रौद्योगिकी लाकर यात्रियों और रेलवे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

.........................................................

**राजीव भारद्वाज**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक लगभग 24 हज़ार 9 सौ 68 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाएं मंजूर की गई हैं जिनमें से 22 हज़ार 3 सौ 80 किलोमीटर सड़कों का कार्य पूरा कर लिया गया है। सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि योजना के चौथे चरण के अंतर्गत मार्च 2029 तक देश में 25 हज़ार गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में वर्ष 2027–28 तक 8 हज़ार किलोमीटर सड़कें बनाई जाएंगी।

.........................................................

**जम्मू–कश्मीर सेना**

जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आज पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकवादी लश्कर–ए–तैयबा संगठन से जुड़े थे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि नियंत्रण रेखा पर बाड़ के पास आज सुबह दो लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं जिसके बाद त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। दोनों तरफ से हुई

गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए। इनसे हथियार भी बरामद किये गए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों का हाल में ही सफाया किये जाने के बाद यह मुठभेड़ हुई है।

---

**सांस्कृतिक संध्या**

चम्बा में इन दिनों अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की धूम है। 3 अगस्त तक चलने वाले मिंजर मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कल अख्तर ब्रदर्स ने अपने गीतों से खूब समा बांधा और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पारम्परिक कुंजड़ी मल्हार गीत भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर कृषि उपज विपणन समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। ललित ठाकुर ने प्रदेश के मेलों में स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

---

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की वर्षा रूक—रूक कर जारी है। भारी वर्षा से हुए भूस्खलन के कारण चंडीगढ़—मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित राज्य में 3 सौ 43 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 5 सौ 51 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 86 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीज़न में अब तक एक हजार 5 सौ 38 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसके अलावा वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में एक सौ 70 लोगों की मौत हो चुकी है और 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और चंबा ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना, बिलासपुर व हमीरपुर जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

---